सत्यमेव जयते

खंड ८

संख्या १

# बिहार विधान सभा वादवृत्त
## सरकारी रिपोर्ट

सोमवार, तिथि १२ सितम्बर, १९५५ ।

**Vol. VIII**

**No. 1**

# The
# Bihar Legislative Assembly Debates
## Official Report

*Monday, the 12th September 1955.*


अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार,
पटना, द्वारा मुद्रित,
१९५६ ।


[मूल्य—६ आना ।]

*[Price—Annas 6.]*

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में सोमवार, तिथि १२ सितम्बर १९५५ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री बिन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

## भारतीय संविधान के प्रतिनिष्ठा की शपथ ग्रहण।

## OATH OF ALLEGIANCE TO THE CONSTITUTION OF INDIA.

| नाम। | निर्वाचन क्षेत्र। |
| --- | --- |
| श्री शेख ताहिर हुसेन। | पश्चिम बेनीपट्टी। |

---

## अध्यक्ष का स्वागत भाषण।

## WELCOME ADDRESS BY THE SPEAKER.

अध्यक्ष—माननीय सदस्यों, बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र में भाग लेने के लिये आये हुए आपलोगों का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। आशा करता हूं कि पहले की तरह सभा की कार्यवाही में आपका सहयोग मुझे प्राप्त रहेगा।

---

## सभापतियों की क्रमणिका का मनोनयन।

## NOMINATION TO PANEL OF CHAIRMEN.

अध्यक्ष—वर्त्तमान सत्र के लिये सभा नियमावली के नियम ९ के अनुसार सभापति की तालिका के लिये मैं निम्नलिखित सदस्यों को मनोनीत करता हूं :—

(१) श्री बिन्धेश्वरी प्रसाद मंडल।

(२) श्री अम्बिका सिंह।

(३) श्री अब्दुल समि नदवी।

(४) श्री चुनका हेम्ब्रोम।

बेसिक ट्रेनिंग स्कूल में छात्रों की संख्या।

१२७। श्री सुखलाल सिंह—क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) हजारीबाग जिले के चितरपुर सीनीयर बेसिक ट्रेनिंग स्कूल में गत तीन वर्षों में कुल कितने शिक्षक छात्र हर साल थे;

(ख) उपरोक्त छात्रों में कुल हजारीबाग जिले के कितने शिक्षक छात्र थे;

(ग) उपरोक्त छात्रों में और जिले के कितने छात्र थे?

श्री बदरीनाथ वर्मा—(क) सन् १९५२ में ६८, सन् १९५३ में ४६ और सन् १९५४ में ७२ शिक्षक छात्र चितरपुर सीनियर बेसिक ट्रेनिंग स्कूल में थे।

(ख) सन् १९५२ में २७, १९५३ में २१ और १९५४ में ३५ हजारीबाग के शिक्षक छात्र थे।

(ग) सन् १९५२ में ४१, १९५३ में २५ और सन् १९५४ में ३७ अन्य जिलों के शिक्षक छात्र थे।

---

दलसिंगसराय स्कूल मैनेजिंग कमिटी।

१२८। श्री बालेश्वर राम—क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) दरभंगा जिला दलसिंगसराय थाने के अंतर्गत स्थानीय हाई स्कूल दलसिंगसराय मैनेजिंग कमिटी है या नहीं, यदि है तो इसके सदस्यों का नाम और पता क्या है;

(ख) इस विद्यालय में कितने लड़के पढ़ रहे हैं और उनमें कितने निःशुल्क तथा कितने अर्द्ध निःशुल्क हैं, उनकी जाति और पूरा पता क्या है?

श्री बदरीनाथ वर्मा—(क) दलसिंगसराय हाई स्कूल में मैनेजिंग कमिटी है। कमिटी के सदस्यों का नाम और पता विवरण मेज पर रखा जाता है।

(ख) इस विद्यालय में कुल ६९४ लड़के पढ़ रहे हैं। इनमें चौथे और पांचवें क्लास के विद्यार्थी (जिन्हें शुल्क नहीं लगता है), हरिजन छात्रों को लेकर कुल १४५ निःशुल्क और १२४ अर्द्ध निःशुल्क हैं। उनके नाम और पते का विवरण मेज पर रखा जाता है।

---

सी० एच० ई० स्कूल, दलसिंगसराय की प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों का विवरण।

| | |
|---|---|
| १। श्री रामाश्रय प्रसाद चौधुरी, दलसिंगसराय .. | प्रेसीडेंट |
| २। श्री राधाश्याम सिंह, दलसिंगसराय .. | सेक्रेटरी |
| ३। श्री हेमन्त कुमार चौधुरी, दलसिंगसराय .. | सदस्य |
| ४। श्री उमाकान्त ईसर, कोनैला .. | " |
| ५। श्री सुन्दर महतो, सं० वि० स०, केवटा .. | " |